
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आशाओं की पुकार सुनो सरकार

## कोरोना डियूटी कर रही आशा मकानी देवी की अकाल मृत्यु पर दी गई श्रंदाजलि

**मांग**

■ परिवार को मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। कोरोना महामारी में अपने जीवन की परवाह किए बिना सराहनीय कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ती बहिनों की मांगो के समर्थन में पंचायत प्रतिनिधियो ने घर पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। कोरोना डियूटी कर रही टिहरी गढ़वाल की आशा मकानी देवी की अकाल मृत्यु पर दो मिन्ट का मौन धारण कर श्रंदाजलि दी गई। इस परिवार को मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग उठाई गई।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने आशाओ की समस्याओ के समाधान के लिए जागरुक समाज, पंचायत प्रतिनिधियों से आज धरना प्रदर्शन करने की अपील जारी की थी। इस क्रम में जिप सदस्य मर्तोलिया ने अपने घर पर दो घंटे बैठकर धरना प्रदर्शन किया।




जगत मर्तोलिया।

इस अवसर पर सबसे पहले 14 जून को केविड –19 की डियूटी करते समय टिहरी गढ़वाल जिले के कीर्तिनगर विकास खंड के ग्राम पंचायत तल्यामंडल निवासी आशा कार्यकर्ती मकानी देवी पत्नी रोशन लाल की अकाल मौत हो गई थी, इन्हे याद कर समाज की ओर से श्रंदाजलि दी गई.अभी तक इस परिवार की स्थानीय प्रशासन ने भी सुध नहीं ली है। सरकार की तरफ से इस परिवार को मुआवजा तो रहा संवेदना के दो शब्द तक नहीं मिले है।

मर्तोलिया ने कहा कि एक साल से जिन आशाओ को एक साल से काम करने के बाद भी अपने श्रम का भुगतान नहीं हो पाया था। उन्होने डियूटी बिना कोई सवाल उठाए किया, इसलिए समाज अब उनकी मांगो के समर्थन में खुलकर बाहर आ गया है।

मर्तोलिया ने कहा कि सरकार को तत्काल प्रभाव से इनकी सभी मांगे माननी चाहिए। राज्य के विभिन्न स्थानों में चले धरने में कहा गया है ताज्जुब की बात यह है कि कोरोना डियूटी का अभी तक आशाओं को एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है. पुराने देयको के भुगतान भी लटके पड़े है।

इस मौके पर आशाओ को पैरामेड़िकल कर्मी घोषित करते हुए कम से कम देयको के अलावा 35000 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाना चाहिए। आज धरना प्रदर्शन में पहली बार जागरुक समाज के अलावा प्रधान, क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्यों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता व आशा भी बैठी।

**सवाल**

**घटना को क्यो दबा कर रखा?**

जिप सदस्य मर्तोलिया ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि छोटी छोटी बातो का मुख्यमंत्री संज्ञान लेते है, इतनी बड़ी घटना को क्यो दबा कर रखा गया। इस मामले को लेकर वे जिलाधिकारी टिहरी तथा सीएम व सीएस को पत्र लिखकर घटना की याद दिलाने के साथ कार्यवाही करने की मांग करेंगे।

## न्यूज डायरी



राजेश



शिवांश



मानव थापा

### समुद्र बचाओं प्रदर्शनी का आयोजन

**संवाददाता** ऋषिकेश। यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड ओसन डे ऑर्गनाइजेशन ने विश्व स्तर पर समुद्र बचाओ प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें सारे विश्व से कलाकारों ने अपनी कलाकारी के जरिये समुद्र बचाओ का संदेश दिया तीर्थनगरी के प्रसिद्ध चित्रकार राजेश चंद्र व उनके 2 बाल कलाकार शिवांश व मानव थापा की पेंटिंग को इस प्रदर्शनी में प्रकाशित किया गया है। उत्तराखंड के इन 3 कलाकारों ने प्रदर्शनी में भारत का प्रतिनिधित्व किया है राजेश 24 शिवांश 11 और मानव महज 7 वर्ष के हैं। कुछ दिन पहले ही राजेश के 4 स्टूडेंट्स शिवांश ,हर्षिता, अन्वेषा व मानव की सेव ओसन पेंटिंग्स को केंद्र सरकार के जल संरक्षण अभियान नमामि गंगे व जल शक्ति मंत्रालय ने सराहा था व उंन्हे सोशल मीडया पर प्रकाशित किया था।

### कांग्रेस ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर बांटे मास्क, सेनिटाइजर व फल

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला नगर में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के 50 वें जन्मदिन पर गोष्ठी का आयोजन कर जरूरतमन्दों को फल,मास्क व सेनिटाइजर वितरित किये वंही 2 मिनट का मौन कर चीन सीमा पर शहीद हुए भारतीय जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर लोगों से चायनीज सामान के वहिष्कार की अपील की।गोष्ठी को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजी राणा,हरिमोहन नेगी,रोजी सिंह सौंदाण ने पार्टी नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सेना के साथ– साथ हम नागरिकों को भी चायनीज चीजों का बहिष्कार करना होगा।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने घोषित किया 788 करोड़ का बोनस

**संवाददाता** हरिद्वार। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने प्रोडक्ट्स के लिए कुल 788 करोड़ के बोनस की घोषणा की है। यह बोनस कंपनी के पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के फंड द्वारा उत्पन्न मुनाफे का हिस्सा है। 31 मार्च, 2020 तक सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसियां इस बोनस को प्राप्त करने के लिए योग्य हैं, जो कि उनके गारंटीकृत परिपक्वता या मृत्यु लाभ में जोड़ा जाएगा। यह लगातार 14 वां वर्ष है जब कंपनी ने बोनस घोषित किया है और पॉलिसीधारकों को दीर्घकालिक मूल्य प्रदान किया है।

### बाल बनिता आश्रम के बच्चों को वितरित किया भोजन

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के जन्म दिन के अवसर पर महानगर कांगेस कमेटी देहरादून के सहयोग से उपलब्ध कराए गए पके हुए भोजन को तिलक रोड़ स्थित बाल बनिता आश्रम में बच्चों को वितरित किया।

### केक काटने के साथ मॉस्क वितरण व रक्तदान शिविर

देहरादून। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के 50 वे जन्मदिवस के अवसर पर यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा मलिन बस्तियों में रहने रहने वाले बच्चो के साथ केक काटने के साथ साथ मॉस्क भी वितरण किए गए एवं मास्क पहने के लिए भी प्रेरित किया गया है।



भगत सिंह कॉलोनी में खाद्य सामग्री बांटते अशोक वर्मा व अन्य।

### कुष्ठ आश्रम के निवासियों को प्रदान की कोरोना सुरक्षा किट

**संवाददाता** देहरादून। रायपुर विधान सभा के अंतर्गत भगत सिंह कॉलोनी कुष्ठआश्रम के निवासियों को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सादगी के साथ मनाया गया। कुष्ठाश्रम रोटरी क्लब भगत सिंह कॉलोनी में पहुंचे कांग्रेसजनों ने जन्मदिन को सादगी से मनाने का निर्णय लिया और कुष्ठ रोगियो के बीच जाकर समय बिताया ओर उन्हें खाद्य सामग्री एवम कोरोना सुरक्षा किट वितरित किये। अन्य पिछड़ा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष विजय गुप्ता,पूर्व पार्षद आनंद त्यागी,राकेश भट्ट,सूरत सिंह नेगी,गुलशेर मियां,राजेश शर्मा,शहवर,यूथ कोंग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रोबिन त्यागी,राष्ट्रीय संयोजक सोनू हसन,प्रदेश महासचिव विनीत प्रसाद भट्ट, धर्मपुर विस अध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा आदि मौजूद थे।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर व राशन किट वितरण

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के 50वें जन्मदिन पर कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण की वजह से हो रही रक्त की कमी हो दूर करने के लिए कांग्रेस भवन व राजीव गांधी सामुदायिक भवन मोहनी रोड़ डालनवाला में कांग्रेसजनों व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने रक्तदान किया।

### महिला कांग्रेस ने सादगी से मनाया राहुल का जन्मदिन

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर बहुत ही सादगी के साथ मनाया गया देश के वीर शहीदो को श्रंद्धाजलि अर्पित किी गई। इस अवसर पर महानगर महिला कमेटी देहरादून की अध्यक्ष कमलेश रमन के नेतृत्व तथा पार्षद देविका रानी के संयोजन में राजपुर विधानसभा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 डीएल रोड़ नई बस्ती में क्षेत्र के कोरोना महामारी के प्रकोप से बचाव के प्रयासों के लिए आशा कार्यकत्रियों तथा आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों को उपहार के साथ–साथ सेनेटाइजर, मास्क, गलब्स आदि भेंट कर सम्मानित किया गया।

कमलेश रमन ने सुस्मिता देव के आदेशनुसार पूरे देश में महिला कांग्रेस पदाधिकारी आशा कार्यकर्ता व आंगन वाडी की बहनों को सम्मानित कर रही है क्योंकि कोरोना महामारी के दौर में आशा कार्यकत्रियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा की जा रही जन सेवा लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि

**संवाददाता**

देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति के तत्वावधान में भारत चीन सीमा गलवा घाटी में शहीद वीर सपूतों को उनके सर्वोच्च बलिदान पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर सरस्वती विहार विकास समिति के अध्यक्ष पंचम सिंह बिष्ट ने कहा कि हमारे सैनिकों ने अपने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देश पर न्योछावर कर दिया हम सरस्वती विहार विकास समिति और पूरे क्षेत्र की ओर से उनको शत शत नमन करते हैं सरस्वती विहार विकास समिति के सचिव श्री गजेंद्र भंडारी ने कहा कि भारत चीन सीमा पर काफी दिनों से विवाद सुनने में आ रहा था लेकिन कल जैसे ही सभी देशवासियों ने भारतीय सैनिकों की शहादत की खबर सुनी तो पूरा देश अपने सैनिकों के शहीद होने पर दुखी हो गया लेकिन साथ ही अपने सैनिकों के जज्बा और वीरता को नमन करता है।




इस अवसर पर सरस्वती विहार विकास समिति के सभी पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने शहीद हुए सैनिकों को याद करते हुए उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और साथ ही सभी लोगों ने इस बात की भी प्रतिज्ञा ली कि हम अब से चाइना की संपूर्ण सामान का बहिष्कार करेंगे।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पंचम सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी एस चौहान, उपाध्यक्ष कैलाश तिवारी, पूर्व अध्यक्ष बी पी शर्मा, बी पी थपलियाल सचिव गजेंद्र भंडारी, मंदिर सह संयोजक दिनेश जुयाल, कनिष्ठ मंत्री, सुबोध मैठानी, प्रचार सचिव सोहन सिंह रौतेला आदि उपस्थित थे।

### घरों में दीपक जलाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश श्रम कांग्रेसा के कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों में दीपक जलाकर गलवान वैली में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रम कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कौशल ने कहा कि हमारे देश मके शहीदों को कभी भूलाया नहीं जा सकता है और हमें चीनी सामानों का बहिष्कार करना चाहिए ओर इसके लिए जनता को जागरूक करने का काम किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी पूनम कंडारी ने कहा कि देश का जवान ही नहीं उनका परिवार भी सदैव सीमाओं पर तैनात सैनिकों की सदैव प्रतीक्षा करता है ओर जब वह शहीद होकर घर लौटते है तो यह एक दुखःद घडी होती है और इस अवसर पर घर से श्रद्धांजलि देने वालों में बीना शाही, सुनीता कोठियाल, शिवम, अनिल कपूर, ऊषा चौधरी आदि थे और वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन भी सादगी के साथ मनाया।